मुक्ता महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी ने लॉन्च किया मुक्ता ब्रांड घी

चर्चा में क्यों?

16 दिसंबर, 2022 को मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतरगत गठित बुंदेलखंड की 18 हज़ार 500 से अधिक महिला डेयरी किसानों की दुग्ध उत्पादक कंपनी मुक्ता ने अपना ब्रांड 'मुक्ता घी'विधिवत लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश की महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी की यह बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश की 4 दुग्ध उत्पादक कंपनियाँ प्रतिदिन 2 लाख लीटर दुग्ध उत्पादन करती हैं, जिनमें अकेली मुक्ता कंपनी एक लाख लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन कर रही है। कंपनी का वार्षिक टर्न-ओवर 65 करोड़ रुपए से अधिक है।
- इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एल.एम. बेलवाल ने कहा कि यह एक प्रेरणादायक स्टार्ट-अप है, जो महिलाओं के सशक्तीकरण का प्रतीक है।
- मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतरगत प्रदेश में 4 लाख 12 हज़ार स्व-सहायता समूह गठित हैं, जिनसे 46 लाख ग्रामीण महिलाओं का आजीविका संवर्धन किया जा रहा है।
- प्रदेश में 88 किसान उत्पादक कंपनियाँ भी बनाई गई हैं, जिनके एक लाख 79 हजार सदस्य प्रमुख रूप से कृषि आधारित गतिविधियाँ कर रहे हैं। इन कंपनियों का वर्ष 2022-23 में नवंबर माह तक 529 करोड़ रुपए टर्न ओवर हो चुका है। गत वर्ष अकेली मुक्ता महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी ने 65 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया, जिसमें 85 प्रतिशत बिक्री से आय का भुगतान सदस्यों को दूध के रूप में किया गया।
- कंपनी द्वारा प्रत्येक गाँव में दूध की खरीदी के लिये उन्नत स्व-चलित दूध संग्रहण प्रणाली स्थापित की गई है, जिसमें दूध बेचने वाले सदस्य दूध की मात्रा, गुणवत्ता और मूल्य की जाँच स्वयं कर सकते हैं। उन्हें मुद्रित पावती पर्ची भी मिलती है और उनके मोबाइल पर बेचे गए दूध का पूरा विवरण आ जाता है।
- कंपनी का मोबाइल एप दूध के लेन-देन की जानकारी देता है। कंपनी पशुओं में दूध की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिये कृत्रिम गर्भाधान, खनिज मिश्रण, फर्टिलिटी कैंप, अवेयरनेस जैसे कार्य कर रही है।
- उल्लेखनीय है कि मुक्ता कंपनी ने इंडिया डेयरी अवार्ड-2021 में डेयरी एक्सटेंशन पुरस्कार भी प्राप्त किया है। कंपनी ने 4 साल की अल्प अवधि में यह सफलता पाई है। आगामी 2 वर्ष में प्रदेश में दुग्ध उत्पादक कंपनियों से 5 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukta-mahila-milk-producer-company-launched-mukta-brand-ghee